भेंट

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से कल नई दिल्ली में भेंट की। इस दौरान उन्होंने नड्डा को राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसंरचना और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने राज्य के अस्पतालों में स्टेट ऑफ द आर्ट चिकित्सा प्रौद्योगिकी की आवश्यकता पर बल देते हुए निर्माणाधीन नाहन, चम्बा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों का कार्य पूरा करने के लिए धनराशि की मांग की। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने राज्य में नर्सिंग का प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सहयोग देने का भी आग्रह किया ताकि इन्हें विदेशों में भी सेवाएं प्रदान करने के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने बल्क ड्रग पार्क के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने का भी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया। जगत प्रकाश नड्डा ने मुख्यमंत्री को केन्द्र की तरफ से हर संभव सहायता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि विकास व रोज़गार के दृष्टिगत मनरेगा योजना जनहित में कारगर साबित हो रही है। चम्बा ज़िला के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय चुवाड़ी में उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा के बाद प्रधानों, उपप्रधानों और पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए ये बात कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विकासखण्ड की 20 पंचायतों में मनरेगा के तहत 6 सौ 5 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ 27 लाख से अधिक की राशि आबंटित की गई है।

जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 पर निगुलसरी के समीप बीती रात अवरूद्ध हुए सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क बहाली के कार्य में लगे अधिकारियों व मजदूरों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जगत सिंह नेगी ने निगुलसरी प्वाइंट से बड़ा–कम्बा स्पैन को जल्द दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि आपदा के समय किसान व बागवान अपनी नगदी फसलों को मंडियों तक पहुंचा सकें। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों व मशीन ऑपरेटरों से भी सीधा संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

राठौर

कांग्रेस विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने सेब पर फैली अल्टरनेरिया बीमारी को महामारी घोषित करने की राज्य सरकार से मांग की है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि अल्टरनेरिया बीमारी प्रदेश के कई इलाकों में महामारी का रूप धारण कर चुकी है और कुछ इलाकों में 95 फीसदी सेब के बागीचे इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। राठौर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश सरकार को केन्द्र से बातचीत कर इसकी रोकथाम के लिए उचित कदम उठाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग ने टीमें प्रभावित इलाकों में भेज दी हैं लेकिन इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए अनुसंधान की ज़रूरत है। उन्होंने विदेशों से आयात हो रहे सेब के पौधों की भी जांच करने की बात कही।

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की विस्तृत व विस्तारित बैठक आज ऊना स्थित पार्टी कार्यालय दीपकमल में हुई। बैठक के पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस बैठक में पारित

प्रस्तावों को कल होने वाली प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक हर तीन महीने में आयोजित की जाती है। बिंदल ने बताया कि बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश के सभी भाजपा सांसद व विधायक, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और महामंत्री के अलावा सभी 74 भाजपा मण्डलों के अध्यक्ष व महामंत्री भी मौजूद रहेंगे।

संजय टंडन

प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है और कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है। ऊना में आज प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने से पहले उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा की ताकत लगातार बढ़ रही है। टंडन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं और भारत को अपने एक सौ 40 करोड़ नागरिकों के सामर्थय पर भरोसा है।

सीटू

केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर सीटू ने आज केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में शिमला स्थित उपायुक्त कार्यालय के बाहर सीटू के बैनर तले आंगनबाड़ी, मिड–डे–मील और अन्य कई संगठनों ने विभिन्न मांगों को लेकर हल्ला बोला और किसान–मजदूर विरोधी निर्णयों के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी।

....